भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
09.02.2022 के
अतारांकित प्रश्न सं. 1368 का उत्तर

रेलवे स्टेशनों पर सुविधाएं

1368. श्री तेजस्वी सूर्या:
श्री अण्णासाहेब शंकर जोल्ले:
श्री बी.वाई. राघवेन्द्र:
श्री कराडी सनगन्ना अमरप्पा:
श्री प्रताप सिम्हा:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार बेंगलुरु, कोप्पल, बैयापानहाली, यशवंतपुर, शिमोगा, गुलबर्गा, मैसूरु, बेलगावी, घाटप्रभा, कुदाची तथा शेदबल रेलवे स्टेशनों सहित कर्नाटक में विभिन्न रेलवे स्टेशनों को आधुनिकीकृत करने तथा वहाँ सुविधाएं बढ़ाने का विचार कर रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इस संबंध में सरकार द्वारा किए गए आवंटन, यदि कोई हो तो क्या है;

(ग) क्या सरकार को इस संबंध में कर्नाटक सरकार की ओर से कोई अनुरोध प्राप्त हुआ है तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई है; और

(घ) क्या सरकार ने कोई मॉडल स्टेशन विकसित किया है तथा अन्य रेलवे स्टेशनों में भी इसी मॉडल को दोहराने पर विचार कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा उक्त मॉडल में सम्मिलित मूलभूत सुविधाएं क्या हैं और इस संबंध में क्या कार्रवाई की गई है?

उत्तर

रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

*****

रेलवे स्टेशनों पर सुविधाओं के संबंध में 09.02.2022 को लोक सभा में श्री तेजस्वी सूर्या, श्री अण्णासाहेब शंकर जोल्ले, श्री बी.वाई. राघवेन्द्र, श्री कराडी सनगन्ना अमरप्पा और श्री प्रताप सिम्हा के अतारांकित प्रश्न सं. 1368 के भाग (क) से (घ) के उत्तर से संबंधित विवरण

(क) से (ग): इस समय, आदर्श स्टेशन योजना के अंतर्गत रेलवे स्टेशनों का उन्नयन/आधुनिकीकरण रेलवे स्टेशनों पर बेहतर संवर्धित यात्री सुविधाओं की व्यवस्था की आवश्यकता की पहचान के आधार पर किया जाता है। कर्नाटक सरकार में, आदर्श स्टेशन योजना के अंतर्गत उन्नयन के लिए 44 रेलवे स्टेशनों की पहचान की गई थी। इनमें से, गुलबर्गा, बेलगावि, कोप्पल और कुडाची सहित 42 रेलवे स्टेशन आदर्श स्टेशन योजना के अंतर्गत विकसित किए जा चुके हैं और शेष 02 रेलवे स्टेशनों को वित्त वर्ष 2022-23 में विकसित किए जाने का लक्ष्य है।

आदर्श स्टेशन योजना के अंतर्गत रेलवे स्टेशनों को विकसित करने के लिए व्यय को सामान्य तौर पर योजना शीर्ष-53 'यात्री सुविधाएं' के अंतर्गत वित्तपोषित किया जाता है। 04 रेलवे जोन हैं अर्थात् मध्य रेलवे, दक्षिण रेलवे, दक्षिण मध्य रेलवे और दक्षिण पश्चिम रेलवे, जो कर्नाटक सरकार की आवश्यकता को सेवित करते हैं। योजना शीर्ष-53 'यात्री सुविधाएं' के अंतर्गत इन 04 जोनों में पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष में आबंटित की गई धनराशि निम्नानुसार हैः-

(रु. करोड़ में)

क्षेत्रीय रेलवे	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22
	आबंटन	आबंटन	आबंटन	आबंटन
मध्य रेलवे	262.67	235.96	288.77	230.58
दक्षिण रेलवे	147.47	106.74	213.11	224.57
दक्षिण मध्य रेलवे	186.33	151.39	199.36	199.49
दक्षिण पश्चिम रेलवे	61.22	82.66	114.8	153.42

(घ) वर्ष 1999 से 2008 तक मॉडल स्टेशन योजना प्रचलन में थी। इस योजना के अंतर्गत, भारतीय रेल पर 594 रेलवे स्टेशनों का उन्नयन के लिए चयन किया गया था और पहचान किए गए सभी रेलवे स्टेशनों को इस योजना के अंतर्गत विकसित किया गया है। आदर्श स्टेशन योजना के अंतर्गत, पहचान किए गए रेलवे स्टेशनों पर विभिन्न यात्री सुविधाएं जैसे स्टेशन इमारत के अग्रभाग के सुधार, विश्रामालय, प्रतीक्षालय (नहाने की सुविधाओं के साथ), महिलाओं के लिए अलग से प्रतीक्षालय, कंप्यूटर आधारित जन उद्घोषणा प्रणाली, संकेतक, पे एंड यूज शौचालय, वॉटर कूलर, उच्च लेवल प्लेटफार्म, फुट ओवर ब्रिज, दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्टेशनों पर प्रवेश के लिए रैम्प आदि की व्यवस्था स्टेशन की संबंधित कोटि के अनुसार की जाती है।

******